हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

13 हिंदू समाज संगठित हो, तभी देश वैभवशाली ...



14 जमींनी और सर्वमान्य को मिलेगा जिला ...





**आवश्यकता है**
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
- सेल्समेन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ

आकर्षक वेतन दिया जाएगा
**काका होजियरी**
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

# ब्लैक ईगल कैमरे में कैद, 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से भरता है उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में हाल ही में मनाए गए वन्यजीव सप्ताह के दौरान कई दुर्लभ और अद्भुत जीवों की मौजूदगी सामने आई है। यह इलाका बाघ के अलावा खूबसूरत तितलियों के स्वर्ग के रूप में तो जाना जाता ही है, लेकिन हाल ही में यहां 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ने वाले ब्लैक ईगल को भी कैमरे में कैद किया गया है। यह शिकारी पक्षी भारत में आमतौर पर हिमालयीन क्षेत्रों में पाया जाता है। टाइगर रिजर्व में कैमरे में कैद ब्लैक ईगल अपनी शिकार करने की अद्वितीय शैली और तेज रफ्तार के लिए जाना जाता है। शिकार करते समय यह हवा में मंडराता है या अचानक घात लगाकर उसे पकड़ता है। यह पक्षी भारत में हिमालय की तलहटी, पूर्व और पश्चिमी घाट क्षेत्रों से लेकर दक्षिणी चीन, ताइवान और दक्षिण-पूर्व एशिया तक पाया जाता है।

## वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के दौरान कैमरे में कैद हुए दुर्लभ तस्वीर

### दुर्लभ जीवों का आश्रय स्थल

उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में तितली की दुर्लभ प्रजाति कॉमन बैंडेड पिकॉक भी पाई जाती है। यह मुख्य रूप से हिमालयी क्षेत्रों में पाई जाती है और उत्तराखंड में इसे राज्य तितली का दर्जा भी प्राप्त है। भारत में तितलियों की करीब 1300 प्रजातियां हैं, जिनमें से यह एक है। रिजर्व में तितलियों की विशेष प्रजातियों में बैंडेड पिकॉक, ब्लू मॉरमॉन, कॉमन मॉरमॉन, कॉमन जे, नवाब, राजा, ग्रास ब्लू, कॉमन पैसी और कॉमन ईवनिंग ब्राउन जैसी प्रजातियां शामिल हैं। इसके अलावा, यहाँ 390 किमी प्रति घंटे की गति से उड़ने वाले पैरेग्रीन फाल्कन, उड़न गिलहरी और मलाबार पाइड हॉर्नबिल जैसे दुर्लभ पक्षी भी देखे गए हैं, जो आमतौर पर केरल, तमिलनाडु और पश्चिमी घाटों के एवरग्रीन जंगलों में मिलते हैं।



### शिकारियों पर लगाम, वन्य जीवों को राहत

*रिजर्व प्रशासन के अनुसार, पिछले ढाई वर्षों में एंटी-पोचिंग टीम ने 40 से ज्यादा अभियानों के दौरान 200 से अधिक शिकारियों को गिरफ्तार किया है, जिसके चलते रिजर्व के भीतर शिकार की घटनाओं में कमी आई है। शिकार कम होने से पशु-पक्षियों को यहां बेहतर और अनुकूल वातावरण मिलने लगा है, जिससे उनकी संख्या बढ़ रही है और यह क्षेत्र और अधिक समृद्ध हो रहा है।*

## खबर संक्षेप

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

**छुईहा बेलर।** समीपस्थ ग्राम चरौदा निवासी एक अधेड़ व्यक्ति का शव जोगीडीपा चरौदा जंगल में नहर के पास रविवार को फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। कुछ लोगों ने सबसे पहले शव को देखा, जिसके बाद इसकी पहचान लीलाराम धोबी (उम्र 45 वर्ष), निवासी ग्राम चरौदा के रूप में हुई। परिजन तक सूचना पहुंचने पर वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और शव की पहचान लीलाराम धोबी के रूप में की। बताया जा रहा है कि शव एक दिन पुराना हो सकता है। ग्रामीणों ने गांव के कोटवार के माध्यम से घटना की सूचना फिंगेश्वर थाना में दी। सूचना मिलते ही टीआई गौतम धावड़े के निर्देश पर एसआई चिंता राम देशमुख तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और शव का निरीक्षण किया। आवश्यक कार्यवाही के बाद, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया। फिंगेश्वर थाना पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है और आगे की विवेचना शुरू कर दी है।

हाथी का तांडव: मुंह में छाला होने से आक्रामक हुआ हाथी, वन विभाग ने ट्रेकुलाइज करने की मांगी अनुमति

# बीमार हाथी के हमले से ग्रामीण की दर्दनाक मौत, क्षेत्र में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र से एक बड़ी और दुखद खबर सामने आई है, जहां जंगली हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में भारी दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जंगली हाथी के मुँह में छाला और घाव होने के कारण वह बीमार पड़ गया है और अत्यधिक आक्रामक हो गया है। बीते शनिवार की रात इसी आक्रामक हाथी के हमले से कोदोमाली–तौरेगा निवासी जंगल सिंह (पिता पंचम, जाति कमार, उम्र 45 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गई। हाथी का दल पिछले डेढ़ माह से मैनपुर क्षेत्र के आसपास कई भागों में बंटकर घूम रहा है। इनमें से एक हाथी भटक कर राजापड़ाव और गौरगांव की ओर चला गया था। मुंह में बीमारी के चलते यह हाथी लगातार नेशनल हाईवे 130 सी (गरियाबंद-मैनपुर-देवभोग मार्ग) पर पहुँच रहा है, जिससे यातायात भी बाधित हो रहा है।

### शौच के लिए बाहर निकले ग्रामीण पर हमला

शनिवार देर रात करीब 12 बजे यह हाथी मैनपुर से 17 किलोमीटर दूर कोदोमाली ग्राम के बस्तीपारा में पहुंच गया और जमकर उत्पात मचाया। हाथी के आतंक से ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों में दुबक गए थे, लेकिन रात 12 बजे मृतक जंगल सिंह को शौच के लिए घर से बाहर निकलना पड़ा। घर से बाहर निकलते ही जंगली हाथी ने उन्हें उठाकर पटक दिया और मौत के घाट उतार दिया। रविवार सुबह वन विभाग की टीम एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मृतक के घर पहुंचे।



### उपनिदेशक ने दी जानकारी

*उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि यह हाथी पिछले 20-25 दिनों से बीमार है। उन्होंने कहा कि हाथी को नियंत्रित करने के लिए बेहोश (ट्रैंक्विलाइज़) करने की अनुमति माँगी गई है, लेकिन अब तक अनुमति नहीं मिल पाई है। उपनिदेशक ने आगे बताया कि वन विभाग लगातार गांव में मुनादी करवाकर लोगों को हाथी आने की सूचना दे रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को नियमानुसार मुआवजा राशि दी जाएगी।*

# रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों पर हुई चर्चा, हितग्राहियों को मिली प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद।

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य में रजत जयंती वर्ष 2025-26 के तहत विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला कौशल विकास प्राधिकरण गरियाबंद द्वारा 06 से 12 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज लाईवलीहुड कॉलेज गरियाबंद में छत्तीसगढ़ में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर विषय पर एक प्रेरक चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री माहेश्वरी तिवारी, सहायक आयुक्त, सहकारिता विभाग उपस्थित रहीं। सुश्री तिवारी ने प्रतिभागियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के प्रभावी तरीकों, नौकरी में आने वाली चुनौतियों एवं उनके समाधान पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने हितग्राहियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर प्रयास के माध्यम से अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में



उपस्थित हितग्राहियों ने बताया कि वे इस चर्चा से अत्यंत प्रेरित हुए हैं तथा अब वे अपने जीवन के लक्ष्यों को स्पष्ट कर उन्हें प्राप्त करने की दिशा में कार्य करेंगे। कार्यक्रम का समापन सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज, सृष्टि मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम हितग्राहियों के व्यक्तित्व विकास तथा रोजगारोन्मुखी दृष्टिकोण के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे।

# दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**फिंगेश्वर।** सांसद खेल महोत्सव 2025–26 अंतर संकुल स्तरीय दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन शासकीय ठाकुर दलगंजन उच्चतर माध्यमिक शाला



फिंगेश्वर में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष पूनम यादव ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत गुलाल लगाकर किया गया। इस अवसर पर 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, गोला फेक, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन,आदि खेलों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूनम यादव ने कहा कि स्वच्छ शरीर में स्वस्थ मन निवास करती है। जीवन में खेलों का बहुत महत्व है। खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि यह जीवन का उत्सव है।खेल से अनुशासन,टीम भावना और आत्मविश्वास बढ़ता है। विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों के अंदर छुपी हुई खेल प्रतिभा निखरकर सामने आती है। इसका लक्ष्य अनुशासन, टीम भावना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। पूरन लाल साहू प्राचार्य ने कहा कि खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल प्रतिभा को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहन देना है। खेल हमारी सफलता, आत्म सम्मान और आत्मविश्वास को बढ़ाती है। इस अवसर पर प्राचार्य केआर निषाद, कृष्ण कुमार यादव, संकुल समन्वयक अशोक कुमार सोनवानी, व्यायाम शिक्षक नकुल राम साहू, रमीज खान, दीप कुमार बांधे, हेमंत गायकवाड, उत्तरा साहू डायमंड साहू वर्षा हिरवानी, लक्ष्मीनारायण सेन, सूरज साहू, चेतन साहू, चुमेश्वर वर्मा, रुद्र प्रताप साहू, योगेश सोनकर, अश्वनी श्रीवास, ऋषभ शर्मा, पंपली नेताम, पराग बारले उपस्थित थे।

# दीपावली में 5 दिन शेष बजारों से रौनकता गायब



**रसेला।** क्षेत्र में दीपावली को लेकर सप्ताहिक बजारों में रौनकता गायब है। दीपावली त्यौहार को आने में सिर्फ 6 दिन शेष रहा गया है। क्षेत्र में प्रायः सभी कपडा, रेडिमेड, इलेक्ट्रॉनिक, इंटरप्राइजेस, सोना चांदी दूकान, बर्तन दुकान, मोबाइल शॉप, जूता चप्पल, मनिहारी एवं रंगोली साज सज्जा के अलावा अनाज, तेल, गुड़ के अलावा रंग रोगन के तमाम आइटम्स की दुकानों में ग्राहकों का इंतजार करते हुए व्यापारी बैठे हुए हैं। क्षेत्र में दीपावली त्यौहार के चलते सभी अपने अपने घरों की साफ-सफाई में जुटे हुए हैं। साथ ही साथ किसान लुआई और खलिहान तक पहुंचने में लगे हैं। वहीं कपड़ा दुकानों में एक दुका ग्राहक दिखाई दे रहे हैं, वहीं ज्यादातर युवाओं की पसंद रेडिमेड कपड़े के नये वेरायटी कपडा ख़रीदना पसंद करते हैं। इस समय लोगों के हाथ खाली होने से अभी खरीदारी करने में रूचि नहीं रख रहे हैं। क्षेत्र के सप्ताहिक बजारो में भीड़ नजर नहीं आ रही है। जैसे धान की कटाई शुरू हुआ था वैसे जमकर बारिश होने से किसानों के माथे पर पसीना छूट रहा है। और अभी भी पुरी तरह मौसम साफ नहीं है, आसमान में बादल छाए हुए हैं। किसान सोचे थे कि मिसाई कर दीपावली के लिए हाथ में पैसा आ जाएगा, और दीवाली धूमधाम से मनाएंगे, मगर सारी सोच पर बारिश ने पानी फेर दिया। कुल मिलाकर संपूर्ण माहौल दीपावली त्यौहार के पहले गुलजार नहीं हुआ है।




श्रीमद् भागवत कथा सुन श्रोता हो रहे भाव विभोर

# कथा हम सबको प्रेरणा देती है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर के वार्ड 14 पथर्रा में महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सुन कर श्रोता भाव विभोर हो रहे हैं। भागवत कथा को रोचक अंदाज में पंडित विनोद शर्मा सुना रहे हैं कथा के पहले दिन धुंधकारी की कथा सुनाया तथा गोकर्ण का कथा सुनाया। दूसरे दिवस मनु की वंशज के चरित्र कथा ध्रुव चरित्र की कथा सुनाया की किस तरह से छोटे से उम्र में ध्रुव ने भगवान को पा लिया। साथ ही सती कथा का वर्णन सुनाया की किस तरह से दक्ष के सातवें संतान सती माता जो शिव से विवाह किया। तीसरे दिन आज मिल



ब्राह्मण की कथा का विस्तार से वर्णन किया इसके बाद भक्त प्रहलाद चरित्र कथा गजेंद्र मोक्ष की कथा और समुद्र मंथन की विस्तार बताया। चौथे दिवस वामन अवतार में किस तरह से राजा बलि ने भगवान विष्णु जो वामन का अवतार लेकर तीन पग भूमि में पूरे ब्रह्मांड को नाप लिया की कथा को सार पूर्वक बताया, श्री राम जन्म चरित्र कथा और फिर श्री कृष्ण जन्म की कथा झांकी सहित वर्णन किया गया भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के आनंद में पूरे वार्ड वासी डूबे रहे और पूरे भक्ति भाव के साथ मुरली मनोहर के जन्म का आनंद लिया। पांचवें दिवस कृष्ण के बाल लीला पूतना वध की कथा रुक्मणी विवाह दही लूट, गोवर्धन पूजा की कथा को विस्तार पूर्वक कथाकार विनोद शर्मा ने उपस्थित श्रोता जनों को बताया। कथा के बीच क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव एवं पार्षद गण कथा स्थल में पहुंचे महाराज जी से आशीर्वाद लेकर विधायक ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा हम सबको प्रेरणा देती है।

■ पांचवें दिन कथा में विधायक रोहित साहू पहुंचे

## खबर संक्षेप

### लक्ष्मी-लोकनाथ को श्रद्धांजलि सड़क दुर्घटना में हुआ था निधन



**राजिम।** पिछले दिनो पंडरिया के पास हुई सड़क दुर्घटना में राजिम के लक्ष्मी-लोकनाथ साहू के दुखद निधन पर राजिम कृषि ऊपज मंडी प्रांगण में रविवार को दोपहर श्रद्धांजलि सभा एवं शांति भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव,जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू,उपाध्यक्ष सतीश यादव, विधायक प्रतिनिधि विजय कंड़रा, निज सचिव किशोर साहू, पन्ना साहू सहित बड़ी संख्या में समाज एवं शहर के लोग शामिल होकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व लोकनाथ साहू बहुत ही सीधे,सरल तथा पार्टी के हमारे करीबी कार्यकर्ता थे। उनका असमय निधन होना पार्टी तथा मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है।

### आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विज्ञान क्लब का पुनर्गठन किया



**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय के दवारा विज्ञान क्लब का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से अपने पदाधिकारियों का चुनाव किया। निर्वाचन प्रक्रिया में विद्यार्थियों द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव ,सह सचिव, कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारी सदस्य के रूप चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुष्मिता ध्रुव बीसीए फिफ्थ सेमेस्टर, उपाध्यक्ष दिशांत साहू बीसीए तृतीय सेमेस्टर, सचिव रश्मि एमएसी केमिस्ट्री फर्स्ट सेमेस्टर, सह सचिव ज्ञानेश देवांगन बीसीए फिफ्थ सेमेस्टर कोषाध्यक्ष नवीन गोस्वामी बीसीए फिफ्थ सेमेस्टर एवं कार्यकारी त्राबिका बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने पद एवं कर्तव्यों के प्रति शपथ ग्रहण किया और विज्ञान क्लब की गतिविधियों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास, विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता, डॉ पी. विश्वनाथन. तथा विज्ञान संकायाध्यक्ष विभागाध्यक्ष, डॉ. पूनम वर्मा उपस्थित रहे।

**बैठक:** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत छुरा में महत्वपूर्ण बैठक

# कांग्रेस एक विचारधारा, हमें इसे जन-जन तक पहुंचाना है: चिश्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला अध्यक्ष के चयन के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा के तत्वावधान में स्थानीय विश्रामगृह में किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक रिहाना रियाज चिश्ती, बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने पुष्प गुच्छ एवं शॉल-श्रीफल भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक रिहाना रियाज चिश्ती ने कहा कि "हम सब कांग्रेस के सिपाही हैं, और हमारे नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं



राहुल गांधी जी हैं। कांग्रेस एक विचारधारा है, जो देश की एकता, समानता और सामाजिक न्याय की बात करती है। हमें किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि हमें अपनी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना है। उन्होंने आगे कहा कि आज का यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष के चयन की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हर कार्यकर्ता की राय हमारे लिए महत्वपूर्ण है, और संगठन इन्हीं कार्यकर्ताओं के दम पर मजबूत होता है।

### पार्टी के हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प

इस अवसर पर विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि "संगठन के दिशा-निर्देशानुसार हम सब आज एकजुट होकर जिले के नेतृत्व के चयन के लिए अपनी राय प्रस्तुत कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा कार्यकर्ताओं की भावना और उनकी मेहनत को प्राथमिकता देती है। यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और लोकतांत्रिक है, जिससे संगठन और भी मजबूत होगा। "कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदार शैलेंद्र साहू, युगल पांडे, भवानी शुक्ला, एवं रजनी चौरे सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने पर्यवेक्षकों से मुलाकात कर अपने-अपने विचार और सुझाव रखे। सभी ने संगठन को सशक्त बनाने और पार्टी के हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ओंकार ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता नथमल शर्मा, माहेश्वरी शाह, मंजू ध्रुव, राजकुमार सोनी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में ब्लॉक अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि "संगठन सृजन अभियान" कांग्रेस को नई ऊर्जा और दिशा देगा। संगठन तभी मजबूत होगा जब हर कार्यकर्ता को सम्मान और भागीदारी का अवसर मिलेगा।कार्यक्रम उत्साह और एकजुटता के साथ संपन्न हुआ, जिसमें कांग्रेसजनों ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया।

## धुर्वागुड़ी में सांसद खेल महोत्सव का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

युवाओं एवं विद्यालयीन विद्यार्थियों में सर्वांगीण स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने और राष्ट्र की खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सांसद खेल महोत्सव 2025-26 का सफल आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय आयोजन मेगा संकुल केन्द्र धुर्वागुड़ी (जिसके अंतर्गत सगड़ा, बरगांव, धुर्वागुड़ी, इंदागांव, मदागमुड़ा और डूमाघाट संकुल शामिल थे) के बैनर तले किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर, विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य रामप्रसाद साहू (इंदागांव) और मेगा संकुल प्राचार्य धुर्वागुड़ी मोती लाल कोमर्रा के द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिन लोगों की प्रमुख भूमिका रही, उनमें प्रताप सिंह टोप्पो, मेगा संकुल समन्वयक धुर्वागुड़ी कंवल राम नागेश, उत्तम बस्तिया, किशोर प्रसाद मिश्रा, डोमार साहू, टिकेंद्र राजपूत, शेषनारायण ताम्रकार, राजेश यादव, शैलेन्द्र धृतलहरे, अभिषेक वर्मा, शठानन्द पटेल, यतीश नेताम, चक्रधारी, चोवा राम साहू, वेदमल कुमार भाटी, नंदकुमार वर्मा, श्रीमती मीना देवांगन, कु. रीमा ध्रुव, मीनाक्षी साहू, हिमांशु उपाध्याय, मीना यादव, चंद्रपाल साहू, विनय कुमार देवांगन, संतोष कुमार बारले, जगलाल यदु, नरेंद्र कुमार नागेश, सरिता आर्मो, नरोत्तम दिवान और रिजवान मेमन (निर्णायक) शामिल थे। इसके साथ ही, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वीपर, रसोइया और जल वाहक आदि का भी अपार सहयोग मिला, जिसके कारण यह खेल महोत्सव सफल हो सका।

## चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची व मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के तहत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के संधारण एवं मतदान प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय माध्यमिक विद्यालय, छुरा में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नायब तहसीलदार डोमश्वर साहू के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर विनोद कुमार देवांगन ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं प्रभारियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

मास्टर ट्रेनर ने बताया कि



निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक नागरिक को मताधिकार का अवसर प्रदान करने हेतु मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा मतदाता अपने पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र के साथ आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह, मृत्यु या स्थायी स्थान परिवर्तन की स्थिति में मतदाता सूची से नाम विलोपन की प्रक्रिया भी समझाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन की प्रक्रिया, फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 के उपयोग, BLO की भूमिका एवं पर्यवेक्षकों की जिम्मेदारी के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांग्रेस के महामंत्री प्रहलाद यदु, हेमेंद्र यदु, सेवन निषाद, प्रेम पटेल, गोवर्धन ध्रुव, किरण कुमार, शिवदास मानिकपुरी, इनदरबन सिन्हा, राघवेंद्र यादव, डगेश्वर ओटी एवं शंकरलाल कुर्रे सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंत में सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डोमश्वर साहू ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करना लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें, ताकि कोई भी व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाए।

## सुआ नृत्य, बालाओं का हो रहा सम्मान...



नवापारा-राजिम। दीपावली पर्व के अवसर पर सुआ नृत्य करने के लिए क्षेत्र के कई गांव से बालाएं शहर पहुंच रही है। ऐसे बालाओं का सम्मान युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन द्वारा किया जा रहा है।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ थीम पर रंगोली और पेंटिंग स्पर्धा आयोजित




**गरियाबंद।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान की थीम पर रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में स्टाफ नर्स और नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भ्रूण हत्या, बाल विवाह, लैंगिक समानता, बेटियों की शिक्षा और समाज में उनकी भूमिका पर जागरूकता संदेश दिए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. यूएस नवरत्न ने प्रतियोगिता का निरीक्षण किया और प्रतिभागियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम योगिता साहू, द्वितीय बैरोनिका और तृतीय सजनी ठाकुर रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम तुलसी, द्वितीय ढालेश्वरी और तृतीय विभा ध्रुव ने हासिल किया। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ नवरत्न ने सभी को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई देते कहा कि रंगोली और पेंटिंग के माध्यम से बेटियों के सशक्तिकरण की भावना को सुंदरता से प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि बेटियाँ हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। जिस समाज में बेटियों का सम्मान होता है, वही समाज प्रगति करता है। हर बेटी को समान अवसर और शिक्षा मिलना जरूरी है। प्रतिभागी सजनी ठाकुर ने कहा कि आज बेटियां डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, आर्टिस्ट, आईएएस, आईपीएस बनकर देश की सेवा में कर रही हैं। समाज में बेटियों को भी समान अवसर और सम्मान देने की जरूरत है। उन्होंने भ्रूण हत्या और बाल विवाह को रोकथाम पर जोर दिया। एक अन्य छात्रा विभा ध्रुव ने कहा कि बेटियों में भी काबिलियत है, उन्हें बस हौसला देकर आगे बढ़ाने की जरूरत है ताकि वे समाज में बदलाव ला सकें। इस अवसर पर डीपीएम गणपत कुमार नायक, डॉ. शंकर पटेल, एनआरसी इंचार्ज अनीश अख्तर, नर्स कविता जगत, माया साहू भी उपस्थित रहे।

## 81 छात्रों का नेत्र परीक्षण, आंखों की सुरक्षा पर जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 26वां विश्व दृष्टि दिवस का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौन्दकेरा के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भेंडरी में किया गया।

- भेंडरी में मनाया गया विश्व दृष्टि दिवस

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला गरियाबंद डॉ. यूके नवरत्न और अंधत्व नियंत्रण नोडल अधिकारी टीएस पात्रे के निर्देशन तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी राजिम डॉ. वीके हिरौन्दीया के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौन्दकेरा की नेत्र सहायक अधिकारी वाणी आराधना साहू के द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भेंडरी में नेत्र परीक्षण एवं दृष्टि जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।




### बच्चों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

नेत्र सहायक अधिकारी वाणी आराधना साहू ने स्कूल के 81 छात्रों का नेत्र परीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आंखें ईश्वर द्वारा प्रदान किया गया एक अमूल्य उपहार हैं, जिससे हम इस सुंदर दुनिया का आनंद उठाते हैं। उन्होंने सभी को अपनी दृष्टि की सुरक्षा और देखभाल के प्रति सजग रहने को कहा। उन्होंने बच्चों को मोबाइल और कंप्यूटर स्क्रीन पर लगातार समय बिताने से बचने और नियमित रूप से आंखों की जांच कराने का सुझाव दिया।

### दिवाली और नेत्रदान पर संदेश

आगामी दीपावली त्यौहार के अवसर पर आंखों की सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि घर की साफ-सफाई के दौरान आँखों में चश्मा लगाकर रखें, पटाखे हमेशा अपने पालकों की निगरानी में जलाएं, और आंखों में चोट लगने या कुछ पड़ने पर आंखों को मलना नहीं चाहिए, बल्कि साफ पानी से धोना चाहिए। सुश्री साहू ने बच्चों को नेत्रदान के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मरणोपरांत आँखों का दान करके किसी की अंधेरी दुनिया को प्रकाशवान करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। गौरतलब है कि आँखों के प्रति जागरूकता और सतर्कता बरतने के उद्देश्य से इस साल का विश्व दृष्टि दिवस 'लव योर आई' (अपने नेत्रों से प्यार करें) की थीम पर आधारित था, जो प्रतिवर्ष अक्टूबर माह के दूसरे सप्ताह में मनाया जाता है। कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक चंद्रभूषण साहू, शिक्षक ईश्वरी प्रसाद साहू, परमेश्वर निषाद, खिलेश साहू के साथ शाला के छात्र-छात्राएं और पालक उपस्थित थे।

## टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी सौंपेंगे टेट पुरानी व पूर्ण पेंशन एवं क्रमोन्नति का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा व प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू ने बताया कि 12 अक्टूबर से छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा ज्ञापन का दौर शुरू होगा,एसोसिएशन के वर्चुअल बैठक में टेट की अनिवार्यता पर पुनर्विचार याचिका दायर करने, प्रथम नियुक्ति से पेंशन,20 वर्ष में पूर्ण पेंशन, क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करने की मांग को लेकर मंत्रियों एवं विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा मुख्यमंत्री,शिक्षा मंत्री,मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव व संचालक के नाम कलेक्टर तथा डीईओ,बीईओ के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा।

इसके साथ ही मंत्री व विधायक को भी मांगपत्र सौंपेंगे।शिक्षक एल बी संवर्ग के निम्न मांगो के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है।माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितम्बर 2025 को पारित निर्णय जिसमें 5 वर्ष अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा(टीईटी) को अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्तें नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा(टीईटी) को अनिवार्य किया गया है,इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा(टीईटी) अनिवार्य नहीं था,अतः माननीय सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप/पुनर्विचार याचिका दायर कर 17 अगस्त 2012 के पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवश्यक पहल किया जावे।पेंशन निर्धारण हेतु सेवा अवधि की गणना संविलियन दिनांक 1 जुलाई 2018





से करने के कारण 2028 के पूर्व सेवानिवृत होने वाले एल बी संवर्ग के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है,अतः पूर्व सेवा (प्रथम नियुक्ति) अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन निर्धारित किया जावे।भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 16 सितंबर 2009 को तथा उत्तराखंड सरकार द्वारा 29 अक्टूबर 2010 को आदेश जारी कर 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया गया है,सेवानिवृत होने पर छत्तीसगढ़ में 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का नियम है, अतः निवेदन है कि भारत सरकार, उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड सरकार के समान 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन (अंतिम वेतन का 50प्रतिशत) का प्रावधान किया जावें। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक/261/2024 में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28.02.2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का जनरल आर्डर जारी किया जावे।

## सीजी टीपीएल सीजन-3 क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**छुरा।** विकासखंड के शासकीय शिक्षकों द्वारा आयोजित सीजी टीपीएल सीजन-3 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मिनी स्टेडियम छुरा में हुआ अतिथि के रुप में नीलकंठ ठाकुर सर्व आदिवासी समाज एवं पूर्व शिक्षक सलीम मेमन वरिष्ठ पार्षद नगर पंचायत शीतल ध्रुव समाजसेवी टंकेश्वर मरकाम संरक्षक की उपस्थिति में पिच की पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर किया गया अतिथियों द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर अग्रिम बधाई दी पश्चात अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया सामुहिक राष्ट्र गान के बाद प्रथम मैच गुरुदेव एकादश पांडुका और गोड़वाना लायंस कोसमी के बीच टास किया गया टास जीतकर पांडुका पहले



बल्लेबाजी की मैच को कोसमी ने 9 विकेट से जीतकर प्रतियोगिता में जीत की नींव रखी दूसरा मैच पेण्ड्रा दुल्ला एकादश और परसदा खड़मा परम युनाइटेड इलेवन के बीच खेला गया जिसे युनाइटेड इलेवन ने धनंजय ठाकुर के रन की बदौलत विकेट से जीता प्लेयर आफ द मैच धनंजय ठाकुर रहे तीसरा मैच पांडुका और छुरा इलेवन के बीच खेला गया जिसे छुरा इलेवन ने 4 रन से जीता प्लेयर आफ द मैच अविनाश वर्मा को घोषित किया गया। अंपायर स्कोरर कमेंट्रेटर के रुप में यादराम साहू रामप्रसाद तरुण वर्मा रामेश्वर ध्रुव चोवा पहाड़िया शीतल ध्रुव विनोद कुमार यादव यूनूश खान पूनम चंद्राकार संजीत निषाद सुशांत दिव्याकर कमल दीवान कामेश यादव हीरालाल साहू आदि ने सहयोग किया प्रतियोगिता के दौरान अतिथि के रुप में लुकेश्वरी थानसिंग निषाद, अध्यक्ष नगर पंचायत भोलेशंकर जायसवाल, सभापति नगर पंचायत बलराम पटेल, सभापति नगर पंचायत गरिमा ध्रुव, सभापति नगर पंचायत का आगमन हुआ उनका स्वागत सम्मान आयोजन समिति द्वारा किया गया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## बीरेंद्र कुमार ध्रुव पुनः बने ब्लॉक अध्यक्ष



**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय निर्देश पर ब्लॉक इकाई फिंगेश्वर के अध्यक्ष पद हेतु शुक्रवार को चुनाव संपन्न हुआ। संघ ने इस महत्वपूर्ण पद के लिए सर्वसम्मति से बीरेंद्र कुमार ध्रुव को पुनः निर्विरोध रूप से अध्यक्ष चुन लिया। संघ की ओर से निर्वाचन पर्यवेक्षक अधिकारी टीम के दीनबंधु वैष्णव और ललित बंजारे के मार्गदर्शन में 11 अक्टूबर को बाबा कुटी आश्रम में यह चुनाव प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। पर्यवेक्षकों ने नव निर्वाचित अध्यक्ष बीरेंद्र ध्रुव को प्रमाण पत्र प्रदान किया। निर्वाचन उपरांत अध्यक्ष बीरेंद्र ध्रुव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन राज्य का सबसे बड़ा शिक्षकीय संगठन है, जो लोकतांत्रिक प्रणाली से संचालित होता है। उन्होंने कहा कि संगठन के सदस्य टीम भावना के साथ कार्य करते हुए शिक्षकों की छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। इस मौके पर आशाराम रजक, नरेश साहू, सौरभ साहू, तोकेश साहू, रेखराम, जगेंद्र साहू, देवलाल चतुर्वेदी, सुश्री धनेश्वरी सिंहा, लता वर्मा, संतोष वर्मा, बलराम सेन, सुरेश कंवर, लक्षेन्द्र साहू, फनेश्वर कंवर, एन. सिंह साहू आदि बड़ी संख्या में शिक्षक सदस्य उपस्थित रहे।

## पिटियाझर में पुराने विवाद के चलते मारपीट

**महासमुंद।** पुराने विवाद को लेकर पिटियाझर के व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट करते हुए उसके घर के खिड़की का शीशा तोड़ दिया। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को वार्ड 23 पिटियाझर निवासी विक्की विश्वकर्मा ने बताया कि गणेश विसर्जन के समय प्रेमलाल यादव के साथ उसका वाद-विवाद हुआ था।

संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में तर्री में भव्य पथ संचलन, देशभक्ति गीतों से गूंजा माहौल

# हिंदू समाज संगठित हो, तभी देश वैभवशाली बनेगा : रूपेंद्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त, शहर के बस्ती क्रमांक 5 ग्राम तर्री के स्वयंसेवकगणों ने आज पूर्ण गणवेश में हाथ में दंड लेकर भव्य पथ संचलन किया। स्वयंसेवकों ने 'उठो जवान देश की वसुंधरा पुकारती', 'देश है पुकारता पुकारती मां भारती', और 'संगठन गढ़े चले सुपंथ पर बढ़े चले' जैसे ओजपूर्ण देशभक्ति गीत गाते हुए तर्री गांव में अपनी यात्रा पूरी की। पथ संचलन के दौरान, मार्ग में चलने वाले स्वयंसेवकों का विभिन्न समाजों, मातृशक्ति और युवाओं ने पुष्प वर्षा करते हुए और देशभक्ति पूर्ण नारों के साथ भव्य स्वागत किया, जिससे पूरे गाँव में उत्साह और देशभक्ति का माहौल बन गया।



### मंचीय सभा में राष्ट्रीय चिंतन

*पथ संचलन के पश्चात मंचीय सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रोमन साहू (सेवानिवृत्त शिक्षक) एवं सह प्रांत कार्यवाह गोपाल यादव द्वारा भारत माता के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य वक्ता रूपेंद्र साहू (सामाजिक सद्भाव, राजिम विभाग प्रमुख) ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुनः अपने देश भारत को वैभवशाली और गौरवशाली बनाने के लिए हिंदू समाज को संगठित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य 1925 में विजयादशमी के दिन से प्रारंभ हुआ, जिसका लक्ष्य राष्ट्र भक्त नागरिक तैयार करना और समाज सेवा को समाज का स्वभाव बनाना है।*

### संघ के संघर्ष और पंच परिवर्तन

रूपेंद्र साहू ने बताया कि स्थापना काल से ही संघ को उपेक्षा, अपमान, तिरस्कार और विरोध झेलना पड़ा, लेकिन संघ के स्वयंसेवक और उनके परिवार कभी हतोत्साहित नहीं हुए। उन्होंने उत्साह के साथ भारत माता की सेवा में खुद को समर्पित रखा और समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विविध संगठन के रूप में संघ का काम खड़ा किया। उन्होंने आगे पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी का भाव, पर्यावरण की सुरक्षा, नागरिक शिष्टाचार एवं सामाजिक सद्भाव के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने की बात कही। उन्होंने स्वयंसेवकों से इसकी शुरुआत स्वयं से करने का आह्वान किया, ताकि समाजजन सहयोग करके व्यवस्था परिवर्तन में सहभागी बन सकें। कार्यक्रम का संचालन पोखराज साहू ने किया, जबकि रितेश साहू मुख्य शिक्षक रहे। तुषार साहू ने भावपूर्ण व्यक्तिगत गीत लिया और हेमंत देवांगन ने प्रार्थना कराई। शेखर विश्वकर्मा ने अमृत वचन कहा। इस दौरान नगर संघचालक सनत चौधरी, ग्राम तर्री से सरपंच लता सिन्हा, लखन सिन्हा, प्रदीप मिश्रा, सुमित देवांगन, योगेश यादव, हरीश बैरवा, तनु मिश्रा और दीपक शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवकों ने निकाला भव्य पथ संचलन



**छुईहा बेलर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर, रविवार को ग्राम बेलर मंडल में विजयादशमी उत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बेलर मंडल के स्वयंसेवकों ने भव्य पथ संचलन निकालकर और शस्त्र पूजन कर यह उत्सव मनाया। ग्राम की हृदयस्थली बजरंग चौक बेलर में आयोजित इस कार्यक्रम में संचलन गीत, राष्ट्रभक्ति गीत एवं देशभक्ति नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। गौरतलब है कि विजयादशमी उत्सव संघ के छः प्रमुख उत्सवों में से एक है अन्य पांच उत्सव हैं हिंदू नववर्ष वर्ष प्रतिपदा, गुरुपूर्णिमा, रक्षाबंधन, मकर संक्रांति, और हिंदू साम्राज्य दिवस।

**इनकी रही विशेष उपस्थिति**-इस अवसर पर खंड प्रचारक रोहित प्रजापति, जिला सहकार्यवाह भूपेंद्र साहू, जिला धर्मजागरण प्रमुख जयप्रकाश साहू, खंड कार्यवाह ओमप्रकाश यादव, खंड शारीरिक शिक्षण प्रमुख केशकुमार सेन, खंड व्यवस्था प्रमुख दिलीप निषाद, कुटुंब प्रबोधन संयोजक तेजराम साहू, सेवा प्रमुख लक्ष्मीनारायण सेन, सामाजिक सद्भाव प्रमुख दीपक साहू तथा मंडल कार्यवाह बलराम साहू सहित बेलर ग्राम के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, विद्या भारती, एकल विद्यालय, किसान संघ, विद्यार्थी परिषद, दुर्गा वाहिनी, हिंदू वाहिनी, भारतीय जनता पार्टी, मजदूर संघ एवं गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

## भाजयुमो अध्यक्ष का नवकार स्कूल चौक में स्वागत ...



नवापारा-राजिम। शुक्रवार को भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगीराज टिकरिहा का स्वागत शहर के नवकार स्कूल चौंक में युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन के नेतृत्व में गाजे-बाजे व फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के बाद श्री टिकरिहा, श्री देवांगन के निवास पहुंचे। निवास में नगर व विभिन्न ग्रामों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने फुल माला पहनाकर स्वागत किया। बता दें कि श्री टिकरिहा और श्री देवांगन एक लंबे समय से भाजयुमो में एक साथ काम करते चले आ रहे है।

## दुल्ला स्कूल में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता के तहत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

**रसेला।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और माध्यमिक शाला दुल्ला में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती माता की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे व्याख्यता कमलनारायण कोसरिया, विशेष अतिथि के रूप में विनोद कुमार देवांगन,जगत नारायण टण्डन सहित सभी शिक्षकगण और अतिथिगण मौजूद रहे। इसके बाद उपस्थित पालकों को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के बारे में टीम लीडर जगत नारायण टण्डन के द्वारा जानकारी दिया गया। आगे कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा 20



बिंदुओं में शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत करने अभियान चलाया जा रहा है , जिसमें पालकों को बच्चों की शिक्षा मजबूत करने विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इसी कड़ी में व्याख्याता कमल नारायण कोसरिया ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक एवं आत्मसमर्पित रहने आह्वान किया गया। दूसरे शालाओं से टीम लीडर बनके आए शिक्षक सभी कक्षाओं के छात्र छात्राओं से पढ़ाई के स्तर और गुणवत्ता को परखा गया। साथ ही साथ अध्ययनरत नौनिहालों से शिक्षा पर सवाल किया। स्कूल में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर बच्चों से सवाल किया। शिक्षक चदुराम बघेल ने सभी अतिथियों का अभिवादन किया और कहा कि सभी विद्यार्थियों समय पर आवश्यक सुविधाएं और शैक्षणिक संसाधन प्राप्त करें। उन्होंने कहा परीक्षा परिणामों में सुधार लाने, विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा और विद्यालय स्तर पर शैक्षणिक गुणवत्ता उन्नयन से आयोजित की गई है। इस मौके पर सरपंच शशिप्रभा, प्रधान पाठक वसुंधरा साहू, शिक्षक भूपेंद्र कुमार सोनवानी, टेप कुमार देवांगन,जीतराय साहू,रवि साहू,बिमल पुरोहित वरिष्ठ नागरिक जेठन ठाकुर, टेकचंद चन्द्राकार, हेमंत सिन्हा सहित पालकगण और सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र- छात्राओं उपस्थित थे।



प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

## खबर संक्षेप

### कोपरा-पोखरा मार्ग का भूमिपूजन आज



**राजिम।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित कोपरा-पोखरा मार्ग के मजबूतीकरण, चौड़ीकरण और पुल-पुलिया निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम सोमवार दोपहर 1 बजे आयोजित होने जा रहा है। यह कार्यक्रम विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना की कुल लंबाई 26.20 किलोमीटर है, जिसकी अनुमानित लागत राशि 7014.41 लाख रुपये (लगभग 70 करोड़ रुपये) है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पंच, सरपंच एवं पार्टी के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि क्षेत्र के नागरिकों और किसानों द्वारा लंबे समय से इस जर्जर सड़क के नवीनीकरण की मांग की जा रही थी। विधायक रोहित साहू ने इस मांग को गंभीरता से लिया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव से मिलकर इस मार्ग को स्वीकृत कराया और निर्माण के लिए राशि जारी करवाई। वर्तमान में यह मार्ग बहुत ही जर्जर अवस्था में है। मार्ग के बन जाने से इस क्षेत्र में आवागमन की सुविधा काफी अच्छी हो जाएगी, जिससे क्षेत्र के नागरिकों और किसानों ने विधायक श्री साहू के इस पहल पर गहरी प्रसन्नता जाहिर की है।

### जिले में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 13 अक्टूबर को किया जा रहा है। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति से परिचित कराते हुए उनके अंदर नैतिक, चारित्रिक एवं बौद्धिक क्षमता का विकास करना है। यह परीक्षा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के सभी विकासखंडों में एक साथ होगी। इस वर्ष जिले के लगभग 12,150 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इनमें से महासमुंद विकासखंड से 3377, बागबाहरा से 1350, पिथौरा से 950, बसना से 1869 तथा सरायपाली से 4484 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

**सम्मेलन : कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत पर्यवेक्षक रेहाना रियाज चिश्ती मैनपुर पहुंची**

# जिला कांग्रेस की कमान जमीन से जुटे और सर्वमान्य को दी जाएगी : चिश्ती

**कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा कर जानी राय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने के लिए राजस्थान के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस गरियाबंद प्रभारी श्रीमति रेहाना रियाज चिश्ती शनिवार को मैनपुर पहुंची। वन विभाग विश्राम गृह में खुले मंच में कार्यकर्ताओं का सम्मेलन किया गया। इस दौरान बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, पूर्व विधायक एवं सहप्रभारी गुरूदयाल बंजारे, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंह साहू, ओंकार सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, खेदू नेगी, महामंत्री गेंदु यादव वि"शेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान पर्यवेक्षक रेहाना रियाज चि"ती ने कहा संगठन सृजन अभियान के तहत उन्हे गरियाबंद जिले का प्रभारी बनाया गया है मेरी जिम्मेदारी है कि मै सभी ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचकर जमीनी स्तर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मूलाकात कर रही हूं और उनसे राय पूछ रही हूं आलाकमान ने उन्हे जो जिम्मेदारी सौंपी है इसके तहत सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सीधा मूलाकात कर उनकी राय जानना है और जमीन से जुड़े हुए सर्वमान्य नेता का नाम का पेनल बनाकर उन्हे भेजना है जिसके लिए वे लगातार दौरा कर रही है। कोई भी कार्यकर्ता किसी के दबाव न आये जो कांग्रेस के लिए मजबूती के साथ कार्य कर रहे है और कांग्रेस के लिए समर्पित है ऐसे नेता का नाम बताएं। पार्टी गाइड लाइन का पालन करते हुए निष्ठावान जुझारू तथा सक्रिय दावेदार का चयन किया जाना है।

**बंद कमरे में कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ वन टू वन चर्चा कर राय जानी**

मैनपुर पहुंची पर्यवेक्षक श्रीमति चिश्ती वन विभाग विश्राम गृह में महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, एनएसयूआई, कांग्रेस सेवादल, आदिवासी कांग्रेस एवं क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं नेताओ तथा क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगो से वन टू वन चर्चा किया संभावित नाम की तलाश किया इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला देखा गया विधानसभा चुनाव के बाद से पहली बार भारी संख्या में कार्यकर्ता संगठन सृजन में शामिल होने के लिए आये थे। महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में पहुंचे थे।




**ये रहे शामिल**

*सम्मेलन में प्रमुख रूप से गुमान ठाकुर, प्रेमसाय जगत, टिकम कपिल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, भुनेश्वर नेगी, सुकचंद ध्रुव, मनुराम माहकुर, डोमार साहू, लिकेश यादव, जाकिर रजा, पवन जगत, निहाल नेताम, तनवीर राजपूत, दुलेन्द्र नेगी, रामभरोसा, सोनु यादव, बनसिंह सोरी, आसाराम यादव, छबि दीवान, नाथुराम ध्रुवा, पारेश्वर नेगी, नजीब बेग, गुंजेश कपिल, हरिश्चर पटेल, नीरा कपिल, गीता ठाकुर, लोकेश सांडे, डिगेश्वरी सांडे, दुलेश्वरी नागेश, राधा यादव, विरेन्द्र श्रीवास्तव, रोहन मरकाम, इमरान खान, गुजरात कमलेश, कन्हैया ठाकुर, हबीब मेमन, लोचन निर्मलकर, गोरेलाल नागेश, सुकराम यादव, भानु सिन्हा, गयचंद कोमर्रा, राकेश ठाकुर, पिलेश्वर सोरी, नन्हे यादव, उवैश भट्टी, देव ध्रुव, निखिल नेताम, भुनेश्वर नेगी एवं सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।*

**इन लोगों का नाम प्रमुखता के साथ दावेदारी में सामने आया**

गरियाबंद जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए जो नाम प्रमुखता के साथ सामने आया उसमें शैलेन्द्र साहू, युगलकिशोर पाण्डेय, भवानीशंकर शुक्ल, सुकचंद बेसरा, भावसिंह साहू, नीरज ठाकुर, शाहिद मेमन, हिमांशु रामटेके का नाम दावेदार के रूप में सामने आया है। इसमें सबसे चौकाने वाली यह रह कि इतने बड़े बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से आदिवासी वर्ग से कोई भी नाम दावेदारी के रूप में अभी तक सामने नही आया है जो चर्चा का विशय है जबकि आदिवासी बहुल्य क्षेत्र होने के कारण यहां प्रमुखता के साथ यहां आदिवासी वर्ग से दावेदारी प्रस्तुत करना था। हालंकि जितने भी जिला अध्यक्ष के दावेदार है वे लगातार कार्यकर्ताओं से पिछले एक पखवाड़े से संपर्क कर रहे है साथ ही कार्यकर्ताओं की पुछ परख बढ़ गई है और आज मैनपुर में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए तो वही दूसरी ओर जिला अध्यक्ष के लिए जोर आजमाइश करने वाले दावेदार अपने –अपने स्तर पर लगातार अपना समर्थन में कार्यकर्ताओं रिझाने के लिए लगे हुए है।

**दावेदारों को बताना होगा पार्टी के लिए अब तक क्या- क्या किए**

संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक को जिला अध्यक्ष बनने के लिए दावेदारो को अपना आवेदन पत्र देना होगा इसमें उन्हे विस्तार से बताना होगा कि उन्होने पार्टी के लिए क्या किया किस तरह संगठन को मजबूत करने में योगदान दिया साथ ही अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए क्या योजना है।

## अस्मिता साहू ने 400 मीटर दौड़ में लगातार जीत से बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागबाहरा में विभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा से कक्षा दसवीं की छात्रा अस्मिता साहू पिता मनहरण लाल साहू ने 400 मीटर दौड़ में विभाग (धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद जिला) में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

तत्पश्चात प्रांत स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता बिलासपुर में भी 400 मीटर दौड़ में अस्मिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, फिर क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता भोपाल में भी 400 मीटर दौड़ में उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं उनका चयन अखिल भारतीय स्तर में एथलेटिक्स में 400 मीटर दौड़ में हुआ है।यह उनके परिवार के लिए, विद्यालय के लिए, विभाग, प्रांत एवं क्षेत्र के लिए बड़े गौरव की बात है। अस्मिता साहू को उनके इस बड़ी उपलब्धि पर समिति के व्यवस्थापक संतोषी यादव, अध्यक्ष विजय गुप्ता एवं समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों, प्राचार्य संतोष वर्मा, कार्यालय प्रमुख टीकम मरकाम एवं स्टाफ के शिक्षक शिक्षिका किरण वर्मा, सेवक निषाद, ओम डहरिया, टोमन ठाकुर, होरी साहू, मनोज निर्मलकर, भारती यादव, मैनाज बेगम, अल्का सिन्हा, कविता यदु, टेकेश्वरी तारक, निधिका शाह, राहुल सिन्हा, खुशबू साहू, कुंती साहू, गणेशु निषाद, रेखा सोरी, यशोदा साहू, हेमलता नाग, डिगेश्वरी यदु ने बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। अस्मिता ने अपने अनुभव में बताया कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्प एवं कठोर मेहनत की आवश्यकता होती है, जिससे मुश्किल से मुश्किल कार्य भी आसान हो जाते हैं।

## संगठन की मजबूती और युवाओं की भागीदारी ही सशक्त भारत की नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



- भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष टिकरिहा का राजिम से गरियाबंद तक भव्य स्वागत
- कार्यकर्ताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा का जिले में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके स्वागत का मुख्य आयोजन राजिम से लेकर गरियाबंद तक गर्मजोशी से किया गया। जहां कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं व नारों के साथ उनका भव्य अभिनंदन किया। उनका प्रथम स्वागत राजिम पहुंचने पर किया गया जहां भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने पं. सुंदरलाल शर्मा की प्रतिमा में माल्यार्पण किया। राजिम में इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजयुमो एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राजिम नगर के पश्चात नगर पंचायत कोपरा बस स्टैंड पर भाजपा मंडल कोपरा के कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमाला और पटाखों से स्वागत किया गया। तत्पश्चात पाण्डुका चारोधाम चौक में भाजपा व भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा जेसीबी मशीन से पुष्पवर्षा कर उत्साहपूर्वक नारे लगाकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। राजिम के पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक में प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा ने कार्यकर्ताओं के उत्साह और स्नेह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती और युवाओं की भागीदारी ही भविष्य के सशक्त भारत की नींव है। संगठन मजबूत हो, हर कार्यकर्ता को सम्मान महसूस हो, इसका मैं पूरा प्रयास करूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए मैं दिन-रात खड़ा रहूंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री साय जी के नेतृत्व में छग की भाजपा सरकार कई जनकल्याणकारी और जनहितैषी योजनाएं चला रही हैं, जो लोगों के जीवन में बदलाव लाने कार्य कर रही हैं। लोगों के जीवन में बदलाव लाने सभी कार्यकर्ता गांव-गांव जाएं और जन-जन तक भाजपा सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं को बताएं और उनका लाभ दिलाने का प्रयास करें। जनता को जनहितैषी योजनाओं का लाभ मिले, तभी प्रदेश और देश का विकास होगा और भारत विश्व गुरू बनेगा। आप सभी कार्यकर्ताओं के अपार स्नेह से मैं अभिभूत हूं।

**ये रहे शामिल**

इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, गोपी ध्रुव, सुमीत पारख, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेन्द्र साहू, गोपाल साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री दीपक साहू, टीकम साहू, भीम निषाद, भाजयुमो राजिम मंडल अध्यक्ष मोहनीश ठाकुर, पार्षद आकाश राजपूत, अभिषेक सोनकर, मनीष साहू, डायमंड साहू, ओंकार साहू, पंकज निर्मलकर, जवाहर शर्मा, वंश सिन्हा, संजू साहू, गुलशन सिन्हा, गौतम शर्मा, अमित बखरिया, पार्षद सूरज सिन्हा, सुजल कोठारी, संजू साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्री टिकरिहा ने राजिम में विधायक रोहित साहू के निज निवास में उनसे मुलाकात की तथा भगवान श्री राजीव लोचन का दर्शन कर वापस रायपुर रवाना हुए।

## शिकायत के बाद एक्शन कोदोमाली के खराब सौर ऊर्जा प्लांट की बैटरी सुधारी



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल में बसा ग्राम पंचायत साहेबिनकछार के आश्रित ग्राम कोदोमाली में 2 सौर ऊर्जा का प्लांट लगा है उसमे बैटरी खराब होने के कारण 10 से 15 मिनट जलता था। पूर्व सरपंच रूपसिंग मरकाम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन से किया था जिला प्रशासन के निर्देश पर क्रेडा विभाग के अधिकारी ग्राम कोदोमाली पहुंचकर सौर उर्जा प्लांट की बैटरी मरम्मत कार्य किये है जिससे अब दो से तीन घंटा जलने की उम्मीद है।

## इंडियन पब्लिक हाई स्कूल छुरा के 18 छात्रों का प्रतिष्ठित संस्थाओं में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंडियन पब्लिक हाई स्कूल, छुरा ने एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उन 18 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने सत्र 2024–25 में जवाहर नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय तथा प्रयास आवासीय विद्यालय जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक ढंग से मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके उपरांत, मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शाल-श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसआर निषाद, रुपनाथ बंजारे, पुनीत ठाकुर, ठाकेश चंद्राकर, तथा लेखनारायण सोनी उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों की सफलता की सराहना की। उन्होंने कहा कि /"ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी भी यदि उचित मार्गदर्शन, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ शिक्षा प्राप्त करें, तो वे किसी भी स्तर की प्रतियोगी परीक्षा में सफलता अर्जित कर सकते हैं।

**ये रहे शामिल**–कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के रेवेंद्र दीक्षित, शशि तिवारी (प्राचार्य), प्राची साहू (विद्यालय प्रबंधक), सोनिया सोनी, मंगला राजपूत, यमुना नेताम, टिकेश्वरी रात्रे, प्रेरणा साहू, दिशा साहू, रागिनी यादव, मुस्कान चंद्राकर, कीर्ति पटेल, ऊषा यादव, भारती यादव, शैलेंद्र साहू, मोनिका यादव, नाहिद खान, वीना साहू, गुंजिता साहू, चित्ररेखा यदु, प्रियंका चंद्राकर, अंजुरानी द्विवेदी, सिमरन बानो, सुनीता निषाद, मनोज साहू, बिरेंद्र साहू, टेकराज दंडसेना, कन्हैया सोनवानी, मोहेंद्र कुमार ध्रुव, डिगेश बघेल एवं समस्त शिक्षक–कर्मचारी वर्ग की सक्रिय उपस्थिति रही, जिससे समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**राजिम।** शुक्रवार को छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑगेनाइजेशन द्वारा पण्डित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से सम्बद्ध कॉलेजों में पूरक परीक्षा 2024 - 25 के प्रश्न पत्र में हुई गड़बड़ी के खिलाफ प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मांग की गई कि बीए द्वितीय वर्ष के अंग्रेजी विषय की पूरक परीक्षा में पाठ्यक्रम के बाहर से आए 6 प्रश्नों (1 अंक के) का बोनस अंक छात्रों को तुरन्त दिया जाए। इस प्रदर्शन में राज्य सचिव जैनपाल, रायपुर जिला सचिव प्रिया विभार, धमतरी जिला सचिव चंद्रभान चक्रधारी, विनय, भाविका, पंकज, कौशल, ओमप्रकाश, लोमश, राकेश, इंद्रजीत, लोमश, पेमेंद्र, छत्रपाल, रेशमी, यमन व अन्य छात्र -छात्राएं शामिल थे।



### प्रधानपाठक ने कराया न्योता भोज

**नवापारा-राजिम।** शा बालक प्रा शाला बढ़ईपारा में प्रधानपाठक सह संकुल समन्वयक गौकरण गिलहरे द्वारा अपनी पुत्री कुमारी चेतना गिलहरे एवं पुत्र चैतन्य गिलहरे के जन्मदिवस एवं बच्चों के एनआईटी एवं नवोदय परीक्षा में चयन होने पर न्योता भोज कराया। भोज में खीर, पकोड़ा, छोले की सब्जी परोसा गया। शाला परिवार की ओर से दोनों बच्चों के जन्मदिन की मंगलमय शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधानपाठक गौकरण गिलहरे, राजेंद्र कुमार, ओमप्रकाश साहू, तोमेश्वरी जोशी, लोकेश धृतलहरे, राजेश सोनी, दीपक साहू, वाणी, उपासना साहू उपस्थित थे।

**खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन, ग्रामीणों को फिर मिला राशन**

## राशन रोकने के फरमान पर हड़कंप सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के विकासखण्ड मुख्यालय ग्राम पंचायत मैनपुरखुर्द में ग्राम पंचायत सचिव के एक 'तुगलकी फरमान' से हड़कंप मच गया है। ग्राम पंचायत मैनपुर के सचिव ने सहकारी सोसाइटी के सेल्समैन को बकायदा लेटर पैड पर लिखित आदेश जारी किया था कि जिन हितग्राहियों ने ग्राम पंचायत के नल-जल, प्रकाशकर, संपत्ति कर, धंधा कर एवं अन्य कर नहीं चुकाए हैं, उन्हें राशन सामग्री (चावल, शक्कर, चना और नमक) न दी जाए। इस अवैध आदेश के बाद जब शासकीय राशन दुकान पहुँचे हितग्राहियों को राशन नहीं दिया गया, तब यह मामला सामने आया।

खबर का असर


सीईओ ने आदेश को बताया अवैध, कहा- ग्राम पंचायत को नहीं है राशन रोकने का अधिकार होगी कार्यवाही

सचिव का फरमान, टैक्स नहीं भरा तो नहीं मिलेगा राशन, लोगों में आक्रोश

**ग्रामीणों को फिर मिलने लगा राशन**

हरिभूमि अखबार में खबर प्रकाशन के बाद जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल हस्तक्षेप किया, जिसके फलस्वरूप ग्रामीणों को उनका राशन मिलना शुरू हो गया है। राशन मिलने पर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन गरियाबंद के कलेक्टर भगवान सिंह उइके, जनपद सीईओ मैनपुर और मीडिया के प्रति आभार व्यक्त किया है। जनपद पंचायत मैनपुर की सीईओ, श्वेता वर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत मैनपुर के सचिव संजय कुमार नंदाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और जवाब प्रस्तुत करने के लिए दो दिनों का समय दिया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इसके बाद इस मामले में उचित कार्यवाही की जाएगी।

**हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद एक्शन**

इस गंभीर खबर को हरिभूमि अखबार ने 11 अक्टूबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। मीडिया में खबर आते ही जिला प्रशासन ने मामले को तुरंत संज्ञान में लिया और तुगलकी फरमान जारी करने वाले ग्राम पंचायत मैनपुर के सचिव को **मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपुर द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जानकारी मिली है कि इस मामले में बड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

**सीईओ ने जारी किया नोटिस**

कार्यालय जनपद पंचायत मैनपुर द्वारा कारण बताओ नोटिस क्रमांक 8169 दिनांक 10 अक्टूबर को ग्राम पंचायत मैनपुर के सचिव संजय कुमार नंदाल को जारी किया गया है। जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सचिव नंदाल को दो दिनों के भीतर स्वयं उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा है। जवाब संतोषजनक न होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2012 के अनुसार, सभी हितग्राहियों को समय पर राशन मिलना और देने का अधिकार है, उन्हें उनके अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। सचिव का यह कृत्य शासकीय सेवक के दायित्व के विपरीत है और छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 तथा छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के तहत दंडनीय है।

